न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री नीरज मिश्र, आर.ए.एस

क्रमांक रीडर/2020/ 551 दिनांक – 02/03/20

प्रार्थी

1 गोरखाराम पुत्र दुर्गाराम जाति जाट निवासी पांचाणियों की ढाणी, भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर।

बनाम

अप्रार्थीगण

1 हीराराम 2 जुंझाराम पिसरान जालुराम 3 जोधाराम 4 चुनाराम पिसरान मोडाराम 5 मगाराम 6 बालाराम पिसरान भूराराम 7 ऊमाराम 8 बाबु 9 लाखाराम 10 माधुराम पिसरान वीरमाराम 11 करनाराम पुत्र हरचन्दराम 12 चेतनराम 13 भोमाराम पिसरान अचलाराम जाति जाट 14 रणछोडा पुत्र जगरूपा जाति ब्राहमण निवासी पंचाणियों की ढाणी, भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर 15 तहसीलदार बाडमेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128,111 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,करने नेखमबन्दी बाबत

राजस्व आवेदन संख्या :– 25/2020 दिनांक– 27/02/20

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा पांचाणियों की ढाणी पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 697/663 रकबा 78.15 बीघा, खसरा संख्या 699/663 रकबा 08.10 बीघा व खसरा संख्या 701/663 रकबा 02.10 बीघा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 07.09.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(नीरज मिश्र)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

क्रमांक :– रीडर/2020/ 560-63 दिनांक– 02/03/20

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी भाड़खा तहसील बाड़मेर को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. गोरखाराम पुत्र दुर्गाराम जाति जाट निवासी पांचाणियों की ढाणी, भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर।
4. विप्रार्थी हीराराम पुत्र जालुराम वगैराह जाति जाट निवासी पांचाणियों की ढाणी तहसील व जिला बाडमेर।

उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Neeraj Mishra
Date: 2020.06.25 13:05:53 IST
Reason: SelfAttested